




नवभारत

भोपाल, शनिवार, 9 अगस्त 2025


# बैतूल जिले के स्मार्ट मीटर उपभोक्ताओं को 21 हजार से अधिक की छूट

नवभारत न्यूज

**बैतूल, 8 अगस्त. मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी द्वारा 1 लाख 24 हजार 701 स्मार्ट मीटर उपभोक्ताओं को उनके मासिक विद्युत बिल में टाइम ऑफ डे छूट का लाभ प्रदान करते हुए जुलाई 2025 में कुल 01 करोड़ 08 लाख 59 हजार 082 रूपये की रियायत प्रदान की गई है।**

**स्मार्ट मीटर के संबंध में महाप्रबंधक ने दी जानकारी**

**मीडिया वर्कशॉप में पत्रकारों के प्रश्नों के दिए जवाब**

जिसमें बैतूल वृत्त के 63 उपभोक्ताओं को 21 हजार 312 रूपए की दिन के टैरिफ में छूट मिली है। स्मार्ट मीटर उपभोक्ताओं को नए टैरिफ आर्डर के अनुसार अब खपत के आधार पर दिन के टैरिफ में सुबह 9 बजे से शाम 5 बजे तक उपयोग की गई बिजली पर 20 प्रतिशत की छूट दी जा रही है। स्मार्ट मीटर उपभोक्ताओं के लिए यह सभी छूट अथवा प्रोत्साहन की गणना सरकारी सब्सिडी (यदि कोई हो) को छोड़कर की जा रही है। यह उपभोक्ता श्रेणियों के लिए विशिष्ट नियमों और शर्तों के आधार पर दिन के विभिन्न समय के दौरान खपत की अवधि के अनुसार ऊर्जा शुल्क पर लागू होगी। यह बात मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी के महाप्रबंधक बैतूल वृत्त अनूप सक्सेना ने स्मार्ट मीटर से होने वाले लाभ तथा मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी द्वारा उपभोक्ता हित में चलाई जा रही शासन की योजनाओं जैसे ग्रामीण क्षेत्र में 5 रुपये में नवीन कनेक्शन, सोलर रूफटॉप आदि को आम लोगों तक पहुंचाने के उद्देश्य से गुरूवार को कलेक्टर कार्यालय, बैतूल में आयोजित



मीडिया कार्यशाला में कही। इस अवसर पर मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी के उप महाप्रबंधक बैतूल-उत्तर श्री अभय कुमार गोप, उप महाप्रबंधक बैतूल-दक्षिण भूपेन्द्र बघेल, वरिष्ठ जनसंपर्क अधिकारी मनोज द्विवेदी, प्रबंधक (मानव संसाधन) प्रवीण वी.मिंज, प्रबंधक (स्मार्ट मीटरिंग सेल) कैलाश चौधरी, प्रोजेक्ट मैनेजमेंट एजेंसी के प्रतिनिधि ओम राठौर एवं राज्य सरकार के सहायक संचालक जनसंपर्क रोमित उईके सहित सैंकड़ों मीडियाकर्मी उपस्थित थे। कार्यशाला को संबोधित करते हुए महाप्रबंधक श्री अनूप सक्सेना ने कहा कि स्मार्ट मीटर सभी के लिए फायदेमंद और उपभोक्ताओं के हित में हैं, इसलिए सभी को स्मार्ट मीटर लगाने में कंपनी का सहयोग करना चाहिए। कार्यशाला के दौरान उन्होंने अधिक से अधिक स्मार्ट मीटर लगाने के लिए लोगों को प्रेरित करने का आव्हान किया तथा कार्यशाला में मीडिया के प्रश्नों के जबाव देते हुए मीडिया से प्राप्त फीडबैक के अनुसार कार्यवाही करते हुए उनके द्वारा दिये गये सुझावों को वरिष्ठ अधिकारियों के संज्ञान में लाते हुए अमल में लाने का आश्वासन दिया।

**अब तक कहीं कोई गड़बड़ी नहीं आई :** महाप्रबंधक श्री सक्सेना ने कहा कि स्मार्ट मीटर लगाते हुए लगभग 1 वर्ष पूर्ण हो गया है। अब तक पूरे कंपनी कार्यक्षेत्र के सोलह जिलों में 03 लाख से अधिक स्मार्ट मीटर लगाए जा चुके हैं। अभी तक कहीं पर भी किसी प्रकार की कोई भ्रांतिया पैदा नहीं हुई हैं। ऑटोमेटिक माध्यम से सटीक रीडिंग होने के बाद प्रतिमाह 01 तारीख के बाद मोबाइल अथवा ईमेल पर बिल जारी किया जाता है। स्मार्ट मीटर के पहले उपभोक्ताओं को पता ही नहीं चलता था कि उनकी विद्युत खपत कितनी हैं, जब स्मार्ट मीटर लगे तब उन्हें सही खपत का पता चला और उसका डेटा भी विद्युत विभाग के पास उपलब्ध हुआ है।

**रियल टाइम डेटा उपलब्ध :** मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी ने स्मार्ट मीटर के फायदे बताते हुए कहा है कि स्मार्ट मीटर से रियल टाइम डेटा प्राप्त किया जा सकता है, जिससे उपभोक्ताओं को सटीक और समय पर बिलिंग सुनिश्चित की जा रही है। कंपनी ने बताया कि जहां-जहां भी स्मार्ट मीटर स्थापित किए जा चुके हैं वहां पर बिलिंग तथा रीडिंग निर्धारित समय पर हो रही है, इससे उपभोक्ता संतुष्ट हैं।

**रीडिंग में कोई गड़बड़ी नहीं:** मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी ने अपने कार्यक्षेत्रांतर्गत जब से स्मार्ट मीटर स्थापित करने शुरू किये हैं तभी से स्मार्ट मीटर के सकारात्मक परिणाम आने शुरू हो गए हैं।

### परिसर में रीडिंग लेने आने की आवश्यकता नहीं

मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी के महाप्रबंधक अनूप सक्सेना ने मीडिया से चर्चा करते हुये बताया कि शहर के लोगों में स्मार्ट मीटर को लेकर जो भ्रांतियां हैं, उन्हें दूर करना जरूरी है। उन्होंने बताया कि विद्युत स्मार्ट मीटर लगने के बाद परिसर में रीडिंग लेने आने की जरूरत नहीं होती है, ऑटोमेटिक सटीक रीडिंग होती है। मानवीय हस्तक्षेप नहीं होने से गड़बड़ी की कोई गुंजाइश नहीं होती है। उपभोक्ता अपनी प्रतिदिन की विद्युत खपत स्मार्ट मीटर के माध्यम से देख सकता है। उन्होंने बताया कि दैनिक के साथ ड्ढसाथ सप्ताहिक अथवा मासिक खपत आसानी से देखी जा सकती है, और बिजली की कितनी खपत हो रही है, अगले महीने उसका कितना बिल आ सकता है, उसका पूर्वानुमान भी आसानी से लगाया जा सकता है।

### हर पंद्रह मिनिट में डाटा अपडेट

उपभोक्ता अब उपाय एप के जरिए स्मार्ट मीटर के माध्यम से अपने घर का लोड देख सकते हैं। मीटर में भी के.डब्ल्यू लिखा रहता हैं जो घर का पूरा लोड बताता है, तथा केडब्ल्यूएच खपत (यूनिट) बताता है। इससे अंदाजा लगाया जा सकता है कि स्वयं के यहाँ पर कितना किलोवॉट का लोड चल रहा हैं। इसके साथ ही उपाय एप के स्मार्ट मीटर में इंडिकेटर के माध्यम से यह अंदाजा लगाया जाना आसान हो गया कि किस-समय, किस प्रकार के उपकरण चलाए गए ताकि हरी लाइन से पता चल सकता है कि उस दौरान कितनी बिजली खपत हुई। स्मार्ट मीटर हर पंद्रह मिनिट में डाटा अपडेट करता है।

**एक नजर में**

## अवैध रेत खनन पर कार्रवाई की मांग तेज

**सारनी।** एनजीटी (नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल) के प्रतिबंध के बावजूद क्षेत्र में ठेकेदारों द्वारा अवैध निर्माण कार्य और रेत खनन का सिलसिला थमने का नाम नहीं ले रहा है। ट्रैक्टर-ट्रॉली के माध्यम से रेत माफिया लगातार नदी का दोहन कर रहे हैं, जिससे न केवल पर्यावरण को नुकसान हो रहा है बल्कि सरकारी राजस्व की भी भारी हानि हो रही है। खनिज विभाग से कई बार शिकायत दूरभाष के आधार पर दर्ज कराई गई, लेकिन अब तक अवैध रेत खनन करने वालों पर ठोस कार्रवाई नहीं हुई है। इससे सरकारी खजाने को लाखों रुपये का नुकसान बताया जा रहा है। सारनी क्षेत्र के चारों ओर से नदी नालों से लगातार अवैध रूप से रेत का उत्खनन रुकने का नाम ही नहीं ले रहा है हैं। रोक के बावजूद भी शहर में खुलेआम रेत का परिवहन किया जा रहा है। आरोप है कि यह रेत नदियों से अवैध तरीके से निकालकर शहर में पहुंच रही है और रेत का अवैध परिवहन करने वाले लोग दोगुने-तिगुने दामों पर रेत बेचकर मुनाफा कमा रहे है। पहली बार मामले में खनिज अधिकारी मनीष पालीवाल ने स्पष्ट किया कि शिकायत पर तत्काल कार्रवाई की जाएगी और विभागीय टीम जल्द ही मौके पर पहुंचकर जांच करेगी। उन्होंने आश्वासन दिया कि दोषियों के खिलाफ सख्त कदम उठाए जाएंगे।

## दुर्घटना में घायल बछड़े का बजरंगियों ने कराया उपचार

**मुलताई।** नगर से सटे ग्राम कामथ में नागपुर रोड पर एक बेसहारा बछड़ा सड़क क्रास करने के दौरान घायल है गया था। सूचना मिलने पर नगर के बजरंगी मौके पर पहुंचे एवं पशु चिकित्सालय ले जाकर घायल बछड़े का इलाज कराया।बताया जाता है गुरुवार को एक बछडा सडक क्रास कर रहा था इस दौरान तेज गति से आ रहे ट्रेक्टर ने बछड़े को टक्कर मार दी जिससे बछडा गंभीर रूप से घायल हो गया जिसके पैर में गंभीर चोट आई। जिसकी सूचना प्रत्यक्ष दर्शियो द्वारा बजरंग दल मुलतापी के बजरंगीयो को दी। सूचना मिलने पर तत्काल बजरंग दल मुलतापी के बजरंगी दिपांशु साहू,प्रवीण राऊत, गोपाल साहू, सागर बजरंगी, भुपेश साहू पहुंचे और आटो में घायल बछडे को पशु चिकित्सा ले जाकर इलाज करवाया। उपचार के बाद घायल बछड़े को कांजी हाऊस में सुरक्षित रखा है।

## जिपं में साफ-सफाई, पर्यावरण संरक्षण की ली शपथ

**बैतूल। भारत सरकार के संस्कृति मंत्रालय एवं जल शक्ति मंत्रालय के संयुक्त तत्वावधान में 79 वें स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर जिले में 8 अगस्त से हर घर तिरंगा, हर घर स्वच्छता, स्वतंत्रता का उत्सव, स्वच्छता के संग विषय पर आधारित विशेष अभियान प्रारंभ किया गया है।**

अभियान के तहत शुक्रवार को जिला पंचायत परिसर में साफ-सफाई की गई। आयोजित कार्यक्रम के दौरान सभी अधिकारी कर्मचारियों ने पर्यावरण संरक्षण की शपथ भी ली। यह अभियान आगामी 15 अगस्त 2025 तक चलाया जाएगा।



उल्लेखनीय है कि जिले में हर घर तिरंगा अभियान को तीन चरणों में आयोजित किया जा रहा है। पहला चरण 2 से 8 अगस्त तक आयोजित हुआ, दूसरा 9 से 12 अगस्त तक तथा तीसरा चरण 13 से 15 अगस्त 2025 तक संचालित होगा। प्रशासन द्वारा सभी नागरिकों से आह्वान किया गया है कि वे अपने घरों में तिरंगा फहराकर इस अभियान में सक्रिय भागीदारी निभाएं एवं राष्ट्रप्रेम की भावना को और सशक्त करें। मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत अक्षत जैन ने कहा कि यह अभियान देशवासियों में सामूहिक उत्सव एवं नागरिक कर्तव्य की भावना को प्रोत्साहित करने के लिए प्रारंभ किया गया। उन्होंने बताया कि 8 अगस्त से प्रारंभ होकर 15 अगस्त तक चलने वाले अभियान का उद्देश्य स्वच्छता एवं जल सुरक्षा को स्वतंत्रता की भावना से जोड़ते हुए प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में स्वच्छ और सुजल भारत की परिकल्पना को साकार करना है। अभियान के अंतर्गत जल जीवन मिशन के तहत ग्रामों व ग्राम पंचायतों में विभिन्न जन-संवेदनशील गतिविधियां आयोजित की जाएंगी।

## स्वतंत्रता दिवस तैयारियों का लिया जायजा

**बैतूल।** कलेक्टर नरेन्द्र कुमार सूर्यवंशी और पुलिस अधीक्षक निश्चल झारिया ने शुक्रवार को पुलिस ग्राउंड में आयोजित होने वाले स्वतंत्रता दिवस के जिला स्तरीय समारोह की तैयारियों का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी अक्षत जैन, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्रीमती कमला जोशी सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी मौजूद रहे। अधिकारियों ने मुख्य अतिथि द्वारा ध्वजारोहण, मुख्यमंत्री के संदेश के लाइव प्रसारण, मार्च पास्ट, सांस्कृतिक कार्यक्रम और प्रशस्ति पत्र वितरण



जैसी गतिविधियों की मिनट-टू-मिनट रूपरेखा की समीक्षा कर आवश्यक निर्देश दिए। गौरतलब है कि इस वर्ष पहली बार राज्य स्तरीय कार्यक्रम से मुख्यमंत्री का संदेश एलईडी स्क्रीन के माध्यम से लाइव प्रसारित किया जाएगा। कलेक्टर श्री सूर्यवंशी ने निर्देशित किया कि सौंपे गए दायित्वों को पूरी गंभीरता के साथ पूर्ण किया जाएं। स्वतंत्रता दिवस की फाइनल रिहर्सल 14 अगस्त को कार्यक्रम स्थल पुलिस ग्राउंड में की जाएगी।

## आत्महत्या के लिए उकसाने वाले आरोपी को गिरफ्तार कर भेजा जेल

**भैंसदेही। थाना भैंसदेही में उप स्वास्थ्य केंद्र भैंसदेही से नाबालिग मृतिका की जली अवस्था में इलाज के लिए परिजनों द्वारा लाए जाने सम्बंधी तहरीर प्राप्त होने पर थाना पुलिस भैंसदेही द्वारा तत्परता से कार्यवाही की गई।**

बालिका को डॉक्टर साहब द्वारा मृत घोषित कर दिया गया था। प्राथमिक कार्यवाही करते हुए मर्ग कायम कर जांच की गई। जांच पर आरोपी ओमकार गवांडे निवासी नवापुर द्वारा नाबालिग बालिका को परेशान करने संबंधी तथ्य पाए गए, जिसकी प्रताड़ना से तंग आकर नाबालिग बालिका ने घर में रखे मिट्टी के तेल को स्वयं के ऊपर डाल कर आत्म हत्या कर ली थी। परिजनों के कथन एवं मार्ग जांच के आधार पर आरोपी ओमकार गवांडे के विरुद्ध धारा 108 बीएनएस का पंजीबद्ध किया गया साथ ही आरोपी ओमकार पिता बलदेव गवांडे उम्र 18 साल निवासी नवापुर को गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष पेश किया गया। जिसे न्यायालय के आदेश से जिला जेल बैतूल दाखिल कराया गया है। इस कार्यवाही में भैंसदेही पुलिस की सराहनीय भूमिका रही।

## एयरफोर्स स्टेशन में लांस नायक ने किया सुसाइड

**बैतूल। आमला स्थित एयरफोर्स स्टेशन में ड्यूटी के दौरान एक जवान ने गोली मारकर सुसाइड कर लिया। जवान ने ठोड़ी के नीचे राइफल रखकर फायर किया।**

गोली उसके सिर के आर-पार हो गई और मौके पर ही मौत हो गई। घटना बुधवार देर रात 1 बजे की है। प्रतिबंधित एरिया की घटना होने कारण जानकारी देरी से सामने आई। मृतक की पहचान सरोज कुमार दास के रूप में हुई है, वह रैंक लांस नायक और यूनिट 976 डीएससी प्लाटून 28 एड एयर फोर्स आमला में तैनात था। मूल रूप से सरोज ओडिशा का रहने वाला था। घटना के समय जवान की पत्नी आमला में मौजूद नहीं थी, इस कारण गुरुवार को पोस्टमार्टम नहीं हो सका। शुक्रवार को पत्नी के पहुंचने पर पुलिस ने पोस्टमार्टम करवाया। शव को आमला सिविल अस्पताल भेजा गया। बीएमओ डॉ. नरवरे ने बताया कि पोस्टमार्टम की प्रक्रिया पूरी कर ली गई है। प्रारंभिक जांच में आत्महत्या के पीछे का कारण स्पष्ट नहीं हो पाया है।

जवान आमला में अकेला रहता था, जबकि परिवार ओडिशा में रहता है। एसडीओपी एसके सिंह और एएसपी कमला जोशी ने बताया कि घटना की सूचना मिलने के बाद पुलिस बल मौके पर भेजा गया था। बैतूल एसपी निश्चल एन झारिया ने बताया कि एयरफोर्स डिपो में लांस नायक सरोज ने सुसाइड किया है। शव को परिजनों को सौंप दिया गया है। घटना की जांच जारी है। एसआई अमित पवार ने कहा, जवान को सबसे पहले ड्यूटी पर तैनात उसके साथी ने देखा। यह आत्महत्या है या एक्सीडेंटल अभी कहना जल्दबाजी होगी। क्योंकि जवान कई बार राइफल साथ में लेकर भी सोते हैं। अभी जांच शुरू की है। उनके किसी ऑफिशियल से चर्चा नहीं हो सकी है। पत्नी ने भी कुछ नहीं बताया है। मैं इस मामले में ज्यादा कुछ नहीं कह पाऊंगा।

## आज 9 अगस्त को धूमधाम से मनाया जाएगा आदिवासी दिवस

**सारनी।** बाबा मटरादेव आदिवासी सेवा जोहार समिति सारनी द्वारा 9 अगस्त 2025 को विश्व आदिवासी दिवस बड़े उत्साह और पारंपरिक अंदाज में मनाया जाएगा। कार्यक्रम का आयोजन रामकृष्णानी स्टेडियम, सारनी में सुबह 9 बजे से किया जा रहा है। संयुक्त राष्ट्र द्वारा आदिवासियों के संरक्षण और संवर्धन के उद्देश्य से घोषित इस दिवस को प्रतिवर्ष की तरह इस वर्ष भी विशेष रूप से मनाया जाएगा। इस दौरान आदिवासी समाज के लोग अपनी पारंपरिक संस्कृति, रीति-रिवाज और वेष-भूषा के साथ भाग लेंगे। समिति ने बताया कि कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य शिक्षा, स्वास्थ्य, सामाजिक कुरीतियों, अंधविश्वास और नशा मुक्ति पर जागरूकता फैलाना है। साथ ही अपनी संस्कृति, इतिहास और संवैधानिक अधिकारों की रक्षा तथा प्राकृतिक पर्यावरण के संरक्षण का संदेश भी दिया जाएगा। कार्यक्रम की तैयारी जोर-शोर से की जा रही है और आयोजन में एक तीर, एक कमान सारे आदिवासी एक समान तथा 9 अगस्त की करो तैयारी आ रहे हैं। धनुषधारी विश्व आदिवासी दिवस जैसे नारों के माध्यम से समाज को एकजुट करने का आह्वान किया जा रहा है।

## स्वतंत्रता दिवस को लेकर बैठक आयोजित

**भैंसदेही।** 15 अगस्त स्वतंत्रता दिवस समारोह को गरिमामय सम्पन्न कराये जाने हेतु ब्लाक स्तरीय बैठक का आयोजन किया गया। बैठक की अध्यक्षता अनुविभागीय अधिकारी राजस्व भैंसदेही द्वारा की गई। बैठक में सभी समिति के सदस्य/जन-प्रतिनिधी एवं कार्यालय प्रमुख उपस्थित रहे। उपस्थित गणमान्य नागरिक एवं संस्था प्रमुख तथा संस्था प्रमुखों का स्वागत तत्पश्चात शासन से प्राप्त निर्देशानुसार 15 अगस्त स्वतंत्रता दिवस मनाये जाने के सम्बंध में कार्यक्रम की रूप रेखा तैयार की गई। बैठक में निर्णय लिया गया कि ध्वजारोहण प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी 15 अगस्त स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर शासकीय/अर्द्धशासकीय कार्यालयों एवं शिक्षण संस्थाओं में संबंधित कार्यालय प्रमुख / संस्था प्रमुख एवं जनपद पंचायत कार्यालय में जनपद पंचायत अध्यक्ष तथा ग्राम पंचायत कार्यालय में सरपंच द्वारा प्रातः 7.00 से 8.00 बजे तक ध्वजारोहण किया जावेगा। सांस्कृतिक कार्यक्रमों के आयोजन के संबंध में एक समिति भी गठित किये जाने का निर्णय लिया गया। कार्यक्रम की रूपरेखा के अनुसार, मुख्य कार्यक्रम स्थल गांधीधाम पर प्रातः 9.00 बजे मुख्य अतिथि श्री मनीष सोलंकी, अध्यक्ष नगर परिषद् भैंसदेही द्वारा ध्वजारोहण किया जाने पश्चात् राष्ट्रगान जन-गण-मन का गायन सांदीपनि विद्यालय के छात्राओं द्वारा किया जावेगा। साथ ही सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया जावेगा। अधिकारियों को निर्देश दिया गया है कि वे अपने-अपने विभाग में अधिकारी/कर्मचारी / छात्र / छात्राओं द्वारा उत्कृष्ट कार्य करने वाले का नाम एवं कार्य भी प्रस्तावित कर विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी भैंसदेही को दिनांक 14 अगस्त को प्रातः 11.00 बजे तक सौंपेगे।

## कार्यक्रम : हर घर तिरंगा और स्वच्छता अभियान की शुरुआत

**भैसदेही। जनपद पंचायत द्वारा हर घर तिरंगा और स्वच्छता अभियान की शुरुआत की गई है। इस अभियान के तहत 8 अगस्त से 15 अगस्त तक विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया जाएगा।**

**जनपद पंचायत में आयोजित हुई बैठक**

**बैठक में जनप्रतिनिधि और अधिकारी रहे मौजूद**

आयोजन की रूपरेखा के अनुसार, 8 अगस्त को अभियान की शुरुआत और सोशल मीडिया



पर प्रचार प्रसार किया जाएगा। 9-11 अगस्त को ग्राम स्तर पर सफाई अभियान और जल स्त्रोतों की सफाई की जाएगी। 12 अगस्त को पानी की टंकी और पंप हाउस की रंगाई पुताई की जाएगी। 13 अगस्त को सिंगल यूज प्लास्टिक पर प्रतिबंध के बारे में जागरूकता फैलाई जाएगी। 14-15 अगस्त को ध्वजारोहण के लिए हर घर तिरंगा अभियान के तहत उपयुक्त स्थानों और घरों का चिन्हांकन किया जाएगा। बैठक में अध्यक्ष जनपद पंचायत श्रीमती यशवंती धुर्वे, उपाध्यक्ष पवन परते, अध्यक्ष नगर परिषद मनीष सोलंकी और अनुविभागीय अधिकारी राजस्व शैलेन्द्र हनोतिया ने दिशा निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सभी विभागों को अपने स्तर पर अभियान को सफल बनाने के लिए काम करना होगा। अभियान का उद्देश्य लोगों को स्वच्छता और देशभक्ति के प्रति जागरूक करना है। साथ ही, हर घर तिरंगा अभियान के तहत लोगों को अपने घरों में तिरंगा फहराने के लिए प्रेरित करना है। हर घर तिरंगा और स्वच्छता अभियान की शुरुआत जपं में की। अभियान के तहत विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया जाएगा।

## अवैध क्लीनिकों पर स्वास्थ्य विभाग की कार्रवाई, लगाए ताले

**भैंसदेही। विकासखंड में स्वास्थ्य विभाग ने अवैध क्लीनिकों के खिलाफ बड़ी कार्रवाई की है।**

**भैंसदेही में चल रही अवैध क्लीनिकों पर लगाई लगाम**

**कार्रवाई से अवैध क्लीनिक संचालकों में हड़कंप**

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. मनोज कुमार हुरमाड़े के निर्देश पर जिला स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. राजेश परिहार ने कई अवैध क्लीनिकों का निरीक्षण किया और उन्हें सील कर दिया। निरीक्षण के दौरान डॉ. राजेश परिहार ने पाया कि कई क्लीनिक बिना पंजीकरण और आवश्यक दस्तावेजों के संचालित



हो रहे थे। इनमें देशमुख क्लीनिक सांवलमेढ़ा, सरकार क्लीनिक उदामा, सरकार क्लीनिक ग्राम कुण्डी, धाड़से क्लीनिक ग्राम धाबा और मंडल क्लीनिक कोथलकुण्ड शामिल हैं। डॉ. राजेश परिहार ने अवैध रूप से संचालित क्लीनिकों को तत्काल बंद करने के निर्देश दिए और क्लीनिक संचालकों को मध्य प्रदेश उपचार्यगृह तथा रूजोपचार अधिनियम अंतर्गत क्लीनिकों का पंजीयन करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि क्लीनिक का पंजीयन नहीं पाये जाने पर दंडात्मक कार्यवाही की जाएगी। डॉ. राजेश परिहार ने क्लीनिक संचालकों को नियमानुसार संचालित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि क्लीनिक संचालकों को अपने क्लीनिक का पंजीयन कराना होगा और आवश्यक दस्तावेजों को पूरा करना होगा। निरीक्षण के दौरान खंड विस्तार प्रशिक्षक भैंसदेही मौजूद रहे। उन्होंने भी क्लीनिक संचालकों को नियमानुसार संचालित करने के निर्देश दिए। स्वास्थ्य विभाग ने अवैध क्लीनिकों के खिलाफ कार्रवाई जारी रखने का फैसला किया है। विभाग का कहना है कि वह सुनिश्चित करेगा कि सभी क्लीनिक नियमानुसार संचालित हों और मरीजों को उचित इलाज मिले। बता दे कि क्षेत्र के ग्रामीण इलाकों में बिना डिग्री के तथाकथित डॉक्टर मरीजों को इलाज कर रहे है। जो मरीजों की सेहत के साथ खिलवाड़ करने जैसा साबित हो सकता है।

## चलती ट्रेन से उतरने के दौरान कटी युवती, मौत

**मुलताई।** नगर में रेलवे स्टेशन के प्लेटफार्म क्रमांक 2 पर शुक्रवार की सुबह करीब 9.30 बजे भोपाल से नागपुर की ओर जा रही चलती केरला एक्सप्रेस से उतरने के दौरान युवती की 2 भागो में कटकर मौत हो गई। बताया जाता है भोपाल से नागपुर की ओर जाने वाली 12626 केरला एक्सप्रेस में युवती सवार थी। सुबह 9.30 बजे के दरमियान केरला एक्सप्रेस मुलताई रेलवे स्टेशन के प्लेटफार्म क्रमांक 2 से गुजर रही थी। युवती ने स्टेशन पर उतरने की कोशिश की। लेकिन युवती ट्रेन की चपेट में आ गई और कमर के पास से कटकर उसके दो टुकड़े हो गए। जीआरपी पुलिस के सहायक उप निरीक्षक अन्नीलाल ने बताया युवती के पास जीकेएम नर्सिंग कॉलेज इंदौर लिखा हुआ काले कलर का बैग मिला।

## जंगल में गोकशी की कोशिश, आरोपी फरार

**बैतूल।** कोतवाली थाना क्षेत्र के झाड़ेगांव जंगल में गुरुवार देर रात गोकशी के प्रयास का मामला सामने आया है। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और वहां से मांस, धारदार हथियार और अन्य आपत्तिजनक सामग्री जब्त की। पुलिस ने थाना कोतवाली में मामला दर्ज कर आरोपियों की तलाश शुरू कर दी है। फरियादी पवन मालवीय ने पुलिस को बताया कि उन्हें खबर मिली थी कि झाड़ेगांव के जंगल में कुछ लोग गोवंश वध की तैयारी कर रहे हैं। पवन ने तत्काल कोतवाली पुलिस को सूचना दी। इसके बाद पुलिस टीम मौके पर पहुंची। जंगल से गोकशी से जुड़े अहम सबूत बरामद किए गए। पुलिस ने घटनास्थल से गोवंश वध में प्रयुक्त धारदार हथियार जब्त किए हैं। इनमें छुरा और कुल्हाड़ी शामिल हैं। पुलिस का कहना है कि यह मामला धार्मिक आस्था और कानून-व्यवस्था, दोनों दृष्टियों से संवेदनशील है। आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए विशेष टीम बनाई गई है। यह टीम लगातार संभावित ठिकानों पर दबिश दे रही है। पुलिस ने लोगों से अपील की कि वे सामाजिक सौहार्द बनाए रखें। अफवाहों पर ध्यान न दें और किसी भी तरह की सूचना तत्काल पुलिस को दें। पुलिस का दावा है कि इस मामले में दोषियों को सख्त सजा दिलाई जाएगी।


माँ शांतादेवी कॉलेज ऑफ मैनेजमेंट

अब छात्रों को भोपाल इंदौर जाने की आवश्यकता ही नही, बैतूल में करें

MBA

माँ शांतादेवी कॉलेज ऑफ फार्मेसी

Diploma in Pharmacy

(2 Year) (12th Bio/Math's)

For Year 2025-26

D फार्मेसी

(प्रवेश प्रारंभ) पता : इटारसी रोड, बैतूल मो. 9425003213, 7000863213 (प्रवेश प्रारंभ)